**दिनांक 24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति:-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹9,77,55,600/-(मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-992(नि0) अनु0 दिनांक-11.07.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 9,72,08,006/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 11,94,64,095/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-022035(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-17.01.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 15.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 06.02.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 16.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 16.02.2026 |

11 **निविदादाता का नाम एवं पता** -

(1) मे0 माँ वैष्णवी इंजिकॉन प्रा0 लि0, सिपारा, पटना (Reg. No.- 1224CIC05300, Class-I , MWRD)।
(2) डी0बी0 इन्फ्राटेक, पटेल नगर, पटना (Reg. No.- 1250514, Class-I , RWD)।
(3) अनन्या इन्फ्रासिटी, जगदेव पथ, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 2210067, Class-II , BCD)।
(4) जेनेएक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुरा, न्यू दिल्ली (Reg. No.- 1230037, Class-I , BCD)।
(5) मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar)।
(6) नेक्सजेन कंसट्रक्सन, वदेवघरा, लखीसराय (Reg. No.- 1230088, Class-I , BCD)।
(7) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान रोड, बांका (Reg. No.- 1220045, Class-I , BCD)।
(8) अमरपुर कंसट्रक्सन कंपनी प्रा0 लि0, अमरपुर, बांका (Reg. No.- 1250072, Class-I , BCD)।
(9) मनिष कुमार, रसिकपुर, दुमका, झारखंड (Reg. No.- 0058, Class-I , BCD, JH.)।
(10) शिव शंकर सिंह, सोनैली, कटिहार (Reg. No.- 1230264, Class-I , RWD)।
(11) सुमित्रा इन्टरप्राईजेज, मोहली, सासाराम (Reg. No.- 1220055, Class-I , BCD)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-**

दिनांक-13.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य के निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा की वैधता बढ़ाने पर SBD की कंडिकाओं के अनुरूप निहित समय में सहमति पत्र नहीं देने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-**

दिनांक 10.03.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल ग्यारह निविदाकार मे से छः निविदाकार को सफल एवं पॉच निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार है:-

**सफल निविदाकार:-**

(1) मे0 मॉ वैष्णवी इंजिकॉन प्रा0 लि0, सिपारा, पटना (Reg. No.- 1224CIC05300, Class-I , MWRD)।
(2) अनन्या इन्फ्रासिटी, जगदेव पथ, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 2210067, Class-II , BCD)।
(3) मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar)।
(4) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान रोड, बांका (Reg. No.- 1220045, Class-I , BCD)।
(5) अमरपुर कंसट्रक्सन कंपनी प्रा0 लि0, अमरपुर, बांका (Reg. No.- 1250072, Class-I , BCD)।
(6) शिव शंकर सिंह, सोनैली, कटिहार (Reg. No.- 1230264, Class-I , RWD) ।

**असफल निविदाकार:-**

(7) डी0बी0 इन्फ्राटेक, पटेल नगर, पटना (Reg. No.- 1250514, Class-I , RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत Flooring मद में 1619 Sqm. के विरूद्ध निविदाकार द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की मात्रा वित्तीय वर्षवार नहीं पायी गयी। साथ ही फर्नीचर कार्य (2964750/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की मात्रा अंकित नहीं पायी गयी। एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) के तहृत मॉगी गई Concerete Mixer with Integral weigh Batching 2 Nos., के विरूद्ध निविदाकार द्वारा समर्पित सबकॉट्रैक्टर के शपथ-पत्र में उक्त का उल्लेख नहीं पाया गया। साथ ही वाटर टैंकर (1 Nos.) के विरूद्ध संवेदक द्वारा इनवाईस अपलोड नहीं किया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) तथा 4.5B(a) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

(8) जेनेएक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुरा, न्यू दिल्ली (Reg. No.- 1230037, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(b) के तहृत Availability for this work of personnel with adequate experience as required; as per Annexure-II (Total 3No.) के विरूद्ध संवेदक द्वारा अपलोडेड अभिलेख में इंजिनियर्स का प्रमाण-पत्र अपलोड नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

(9) नेक्सजेन कंसट्रक्सन, वदेवघरा, लखीसराय (Reg. No.- 1230088, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की

शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-38 के तहत No Relation संबंधि कोई Declaration/Affidavit नहीं उपलब्ध कराया गया है। अतः एस0बी0डी0 की Clause-38 के आलोक में इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

(10) मनिष कुमार, रसिकपुर, दुमका, झारखंड (Reg. No.- 0058, Class-I , BCD, JH.) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) Executed in any one year the minimum quantities of the following item in last five years के तहत Flooring मद में 1619 Sqm., Electric Work (11128045/-), PH Work (922694/-), Fire Fighting (1655300/-), Furniture (2964750/-) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की मात्रा वित्तीय वर्षवार (कार्यअनुभव प्रमाण-पत्र में मदों का उल्लेख वित्तीय वर्ष 2021-23 समेकित कर की गयी है) नहीं पायी गयी। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

(11) सुमित्रा इन्टरप्राईजेज, मोहली, सासाराम (Reg. No.- 1220055, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के अंतर्गत निविदा शर्त्त में मांगी गयी (Executed Single work of similar nature at least equal to 50% of BOQ Rs-5,97,32,047/-) के विरूद्ध समर्पित अभिलेख में संवेदक द्वारा गैर सरकारी कार्य (Hill route school of excellence at Chandatan shaheed Tarachandi Road Sasaram Started on 26.06.2023) का कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र अपलोड किया गया है जिसमें Name of employer-BCD वर्णित है जो तर्कसंगत नहीं है साथ ही विभागीय पत्रांक-3284 दिनांक-05.05.2009 की कंडिका-3 में उल्लेखित "गैर सरकारी भवनों की पूर्णता के संबंध में यह आवश्यक होगा कि भवन का 50 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र एक माह से अधिक की अवधि से आवासित या उपयोग में है एवं यह प्रमाण-पत्र भी उपर वर्णित पदाधिकारी का होना चाहिए" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा कोई भी कागजात/अभिलेख अपलोड नहीं पाया गया। अतः इस आलोक मे इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-16.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **<u>प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-</u>**

| निविदाकार द्वारा दिया गया आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| निविदाकार सुमित्रा इन्टरप्राईजेज, मोहली, सासाराम (Reg. No.- 1220055, Class-I , BCD) के पत्रांक-शून्य दिनांक-14.03.2026 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि निविदा में मुझे जिन दो बिन्दुओं पर नॉन-रिसपॉसिव करार दिया गया है वह यथोचित नहीं है, महाशय, निविदा में संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र में Name of Employer-BCD एक टंकणीय चूक है, जिसे Verify कराया जा सकता है, इस सन्दर्भ में अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत करने वाली एजेंसी का शुद्धि पत्र संलग्न कर रहा हूँ। साथ ही भवन का 50 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र एक माह से ज्यादा अवधि से | उक्त आपत्ति के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि प्राप्त आपत्ति के आलोक में मुख्य अभियंता (द0) के पत्रांक-870(एस0) दिनांक-19.03.2026 एवं पत्रांक-923 (एस0) दिनांक-24.03.2026 द्वारा निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्यापन हेतु कार्य का एकरारनामा एवं ऑडिट रिपोर्ट का फॉर्म-26ए0एस0 (मूलप्रति एवं छायाप्रति सहित) कार्यालय में उपस्थित होकर सत्यापन कराने हेतु पत्र दिया गया। |

| | |
|---|---|
| आवास के उपयोग में है, इससे संबंधित स्पष्टीकरण का पत्र भी संबंधित नियोक्ता के द्वारा दिया गया है जो संलग्न है।<br>अतः महाशय से निवेदन है की मेरी निविदा मूल्यांकन पर पुनर्विचार करने की कृपा की जाए एवम मेरी निविदा मान्य करने की कृपा की जाये। | उक्त पत्र के आलोक में निविदाकार द्वारा दिनांक-08.04.2026 को एकरारनामा तथा फॉर्म-26ए0एस0 समर्पित किया गया। समर्पित अभिलेख मे आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा पाया गया कि कार्य का एकरारनामा दिनांक-26.06.2023 को Hill route school of excellence द्वारा किया गया। जिसकी राशि ₹11,32,85,000/- है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में Employer (Hill route school of excellence.) द्वारा निविदाकार को ₹1,89,81,619/- तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹8,74,93,881/- राशि का भुगतान किया गया है। अतः समर्पित फॉर्म-26ए0एस0 से यह ज्ञात होता है कि निविदाकार को Hill route school of excellence द्वारा कुल राशि ₹10,64,75,500/- का भुगतान किया गया। जो निविदाकार द्वारा अपलोडेड कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उल्लेखित भुगतान की गयी राशि ₹10,64,75,500/- के समतुल्य है।<br>उक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये अनुभव प्रमाण-पत्र को मान्य करते हुए इन्हें सफल घोषित किया गया। |

साथ ही तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार शिव शंकर सिंह, सोनैली, कटिहार (Reg. No.- 1230264, Class-I , RWD) द्वारा अपलोडेड कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र के सत्यापन के क्रम में निम्न तथ्य पाया गयाः- (i) कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार के पत्रांक-853 दिनांक-09.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि इनके द्वारा प्रमण्डल के कार्यालय भवन एवं सरकारी आवासों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिसके लिए संवेदक को इस कार्यालय के सन्दर्भ संख्या-1664, दिनांक-16.12.2023 के माध्यम से अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है, जो सत्यापनोपरांत सही पाया गया है।

(ii) कार्यपालक अभियंता, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार के पत्रांक-336 दिनांक-17.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि संलग्न अनुभव प्रमाण-पत्र जिसका पत्रांक-1664, दिनांक-16.12.2023 पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लातेहार द्वारा निर्गत दिखाया गया है उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र को जॉचोपरांत पाया गया कि इस प्रमण्डल द्वारा उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया गया है। अतः उक्त दोनों पत्रों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार शिव शंकर सिंह, सोनैली कटिहार द्वारा अपलोडेड कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र को संदेहास्पद मानते हुए इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित किया जाता है।

इस प्रकार ग्यारह निविदाकार में से छः निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं पॉच निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 माँ वैष्णवी इंजिकॉन प्रा0 लि0, सिपारा, पटना (Reg. No.- 1224CIC05300, Class-I , MWRD) (2) अनन्या इन्फ्रासिटी, जगदेव पथ, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 2210067, Class-II , BCD) (3) मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar) (4) निवेश कुमार, बाबा भैहरण स्थान रोड, बांका (Reg. No.- 1220045, Class-I , BCD) (5) अमरपुर कंसट्रक्सन कंपनी प्रा0 लि0, अमरपुर, बांका (Reg. No.- 1250072, Class-I , BCD) (6) सुमित्रा इन्टरप्राईजेज, मोहली, सासाराम (Reg. No.- 1220055, Class-I , BCD) को **सफल** एवं (7) शिव शंकर सिंह, सोनैली, कटिहार (Reg. No.- 1230264, Class-I , RWD) (8) डी0बी0 इन्फ्राटेक, पटेल नगर, पटना (Reg. No.- 1250514, Class-I , RWD) (9) जेनेएक्स इन्फ्रा होम्स प्रा0 लि0, गोविन्दपुरा, न्यू दिल्ली (Reg. No.- 1230037, Class-I , BCD) (10) नेक्सजेन कंसट्रक्सन, वदेवघरा, लखीसराय (Reg. No.- 1230088, Class-I , BCD) (11) मनिष कुमार, रसिकपुर, दुमका, झारखंड (Reg. No.- 0058, Class-I , BCD, JH.) को **असफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| **(विकास कुमार पाण्डेय)** | **(मनोज कुमार सिंह)** | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)** | **(कुमार रवि)** |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, | मुख्य अभियंता (द0) | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, | सचिव, |
| भवन निर्माण विभाग, | भवन निर्माण विभाग, | भवन निर्माण विभाग, | भवन निर्माण विभाग, |
| बिहार पटना। | बिहार पटना। | बिहार पटना। | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो004-33/2025....1114.......(S) पटना/दिनांक..24.04.26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

24/04/26

E:/V/Block.F.P-3/2026-132